समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# संन्यास के अगले दिन अंबानी परिवार ने निकोलस पूरन को दी बड़ी जिम्मेदारी, एमआई न्यूयॉर्क का नया कप्तान नियुक्त।


Publisher
Published on 11 Jun 2025




## सिर्फ 29 साल की उम्र मे इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने वाले निकोलस पूरन को मिली मेजर लीग क्रिकेट मे बड़ी भूमिका, पोलार्ड को किया रिप्लेस।

**स्पोर्ट्स डेस्क :** वेस्टइंडीज के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज **निकोलस पूरन** ने 10 जून, 2025 को इंटरनेशनल क्रिकेट से अचानक संन्यास की घोषणा कर क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। लेकिन उनकी रिटायरमेंट के अगले ही दिन उन्हें **मुंबई इंडियंस के अमेरिकी फ्रेंचाइज़ी एमआई न्यूयॉर्क** की तरफ से बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पूरन को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है।

**लीग क्रिकेट पर फोकस, इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा**

सिर्फ 29 साल की उम्र में **पूरन का इंटरनेशनल क्रिकेट** छोड़ना सोशल मीडिया पर बहस का विषय बना हुआ है। कई फैंस का मानना है कि उन्होंने पैसे के लिए देश को छोड़ा, जबकि कुछ ने इसे करियर प्लानिंग कहा। पूरन का कहना है कि वह अब लीग क्रिकेट पर फोकस करना चाहते हैं।

**एमआई न्यूयॉर्क से पहले भी जुड़ाव**

**निकोलस पूरन 2023 और 2024** सीजन में **एमआई न्यूयॉर्क** के लिए खेल चुके हैं।

**2023: 8 मैचों मे 388 रन**

**2024: 7 मैचों मे 180 रन**

इन दोनों सीजन में उन्होंने **1 शतक और 3 अर्धशतक** जड़े।

### किरॉन पोलार्ड की जगह कप्तानी की कमान

**निकोलस पूरन** ने अपने ही देश के दिग्गज **ऑलराउंडर किरॉन पोलार्ड** को कप्तानी से रिप्लेस किया है। पोलार्ड, जो **मुंबई इंडियंस** के दिग्गज खिलाड़ी रह चुके हैं, उन्होंने **एमआई न्यूयॉर्क** के लिए कप्तानी की थी। अब उनकी जगह पूरन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**एमआई न्यूयॉर्क, मुंबई इंडियंस** की अमेरिकी फ्रेंचाइज़ी है, जो रिलायंस इंडस्ट्रीज की मालिकाना हक वाली टीम है। यह टीम **मेजर लीग क्रिकेट (MLC)** का हिस्सा है, जो अमेरिका में तेजी से लोकप्रिय हो रही टी20 लीग है।

### आईपीएल मे भी पूरन का धमाल

निकोलस पूरन ने **आईपीएल 2025** में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने
**14 पारियों मे 524 रन बनाए**
**5 अर्धशतक जड़े**
उन्हें **21 करोड़ रुपये** में रिटेन किया गया था।

इस सीजन में भले ही उनकी टीम **प्लेऑफ** तक नहीं पहुंची, लेकिन उनका बल्ला खूब बोला।

### फैसं की मिली-जुली प्रतिक्रिया

सोशल मीडिया पर पूरन के फैसले को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ ने उनकी आलोचना की कि उन्होंने पैसों को प्राथमिकता दी, तो कुछ ने इसे वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड की नीतियों की विफलता बताया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.